**प्रेस विज्ञप्ति**
**परिक्षेत्रीय कार्यालय बस्ती**
**उत्तर प्रदेश पुलिस**

**दिनांक**
**04-04-2025**

# आई0जी0आर0एस0 निस्तारण में बस्ती परिक्षेत्र को प्रदेश में मिला प्रथम स्थान ।

परिक्षेत्रीय कार्यालय बस्ती के आई.जी.आर.एस. शाखा को पोर्टल पर माह मार्च 2025 की मासिक रैंकिंग में जनशिकायतो के निस्तारण मे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। माह मार्च 2025 में प्रार्थना पत्रों/फीडबैक का गुणवत्तापूर्ण शत-प्रतिशत निस्तारण कराकर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है।

पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री दिनेश कुमार पी. द्वारा आई0जी0आर0एस0 शाखा में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारीगण का उत्साहवर्धन किया गया।

**सोशल मीडिया सेल**
**रेंज कार्यालय, बस्ती**

**प्रेस विज्ञप्ति**
**परिक्षेत्रीय कार्यालय बस्ती**
**उत्तर प्रदेश पुलिस**

**दिनांक**
**05-04-2025**

# आगामी त्योहारो को लेकर DIG बस्ती द्वारा गूगल मीट के माध्यम से रेंज के तीनों जनपदों के पुलिस अधिकारियों के साथ की गयी गोष्ठी |

पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री दिनेश कुमार पी. द्वारा दिनांक 04-04-2025 की रात्रि में गूगल मीट के माध्यम से रेंज के तीनों जनपदों के पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी,बीट पुलिस अधिकारीगण के साथ आगामी त्यौहारों राम नवमी,डॉ0भीमराव अंबेडकर जयंती तथा अपराधो के रोकथाम व कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत गोष्ठी की गयी। डी0आई0जी0 बस्ती द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिये गये-

1 आगामी त्यौहारों पर निकलने वाले जुलूसों की अलग से सूची तैयार कर ली जाये तथा अधिकतम पुलिस बल की ड्यूटी त्यौहारों व जुलूस मे दंगा निरोधक उपकरणो के साथ ब्रीफ कर लगायी जाये।

2 अतिसंवेदनशील जुलूसो/ स्थलों का जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक,संवेदनशील जुलूसो/स्थलो का अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक ,अन्य स्थलों का उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी ,थाना प्रभारीगण द्वारासभी स्थलों का भ्रमण कर सभी प्रशासनिक तैयारी व कार्यवाही पूर्ण कर ली जाये।

3 भीड़ प्रबंधन और शांति व्यवस्था के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाकर प्रभावी कार्यवाही की जाये।

4 मिश्रित आबादी एवं दूसरे संप्रदाय के पूजा स्थलों पर समुचित पुलिस प्रबंध किया जाये जिससे असामाजिक तत्वों द्वारा सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास न किया जा सके तथा मिश्रित आबादी मे ड्रोन से निगरानी करायी जाये।

5 विगत 10 वर्ष के त्यौहार रजिस्टर व ग्राम अपराध पुस्तिका का गहन अध्ययन कर लें तथा सांप्रदायिक तनाव वाले स्थान/ विवादित स्थलों का निरीक्षण कर विवादों का समाधान कर लिया जाये।

6 पुलिस लाइन के विभिन्न मदो,गार्दो, पुलिस कार्यालय के विभिन्न शाखाओ, पेशी, न्यायालय सुरक्षा, व SPO कार्यालय आदि में नियुक्त अधिकारियों कर्मचारियों की QRT टीम बनाकर वायरलेस हैंडहेल्ड सेट व दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ संवेदनशील स्थानो पर ड्यूटी लगायी जाये।

7 थाना/सर्किल/ मुख्यालय स्तर पर होली त्यौहार के तरह QRT टीम बनाकर निगरानी करायी जाये।पर्याप्त पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च/एरिया डोमिनेशन कराया जाये।

8 लगने वाले मेलों के संबंध में आयोजक से बिजली,पीडब्ल्यूडी व अन्य संबंधित विभागों से एनओसी प्राप्त कर लिया जाये तथा पर्याप्त संख्या में पुरुष व महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगायी जाये।

9 जुलूस के आगे- पीछे, दाये- बाये बॉक्स इंफॉरमेशन में तथा छतो पर रूफ-टाप ड्यूटी लगायी जाये।

10 डीजे संचालकों के साथ गोष्ठी कर एडवायजरी/ नोटिस जारी किया जाये तथा उसका संपूर्ण विवरण रखा जाये।जिन्हे निर्धारित ध्वनि डेसीबल तक डीजे बजाने व आपत्तिजनक गाने न बजाने हेतु निर्देशित किया जाये।

# प्रेस विज्ञप्ति

## परिक्षेत्रीय कार्यालय बस्ती

## उत्तर प्रदेश पुलिस

दिनांक 05-04-2025

11 प्रत्येक जुलूस की वीडियोग्राफी कराई जाए तथा आवश्यकतानुसार ड्रोन कैमरे का भी उपयोग किया जाये।

12 डॉ0भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को लेकर जहां कहीं भी पूर्व में विवाद रहा हो अथवा विवाद हो वहां पर सीसीटीवी कैमरे लगवा कर निगरानी करायी जाये।

13 अंबेडकर जयंती के 2 दिन पूर्व से ही अंबेडकर जी की प्रतिमा की सुरक्षा हेतु ड्यूटी लगा दी जाये व आसपास के लोगों की कमेटी बनाकर उनसे भी प्रतिमा की सुरक्षा करायी जाये।

14 फूट पेट्रोलिंग बढ़ायी जाये तथा PRV 112 एक्टिव रहे।

15 त्योहारों के दौरान कोई भी गैर परंपरागत कार्य,जुलूस,शोभायात्रा ना हो।

16 जनपद स्तर व थाना स्तर पर पर्याप्त मात्रा में रिज़र्व फोर्स रखा जाये तथा कंट्रोल रूम को सतर्क कर शिफ्टवार ड्यूटी लगायी जाये।

17 सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखी जाये तथा अफवाहों का खंडन किया जाये।

**सोशल मीडिया सेल**
**रेंज कार्यालय, बस्ती**

# प्रेस विज्ञप्ति
## परिक्षेत्रीय कार्यालय बस्ती
## उत्तर प्रदेश पुलिस

# दिनांक
# 07-04-2025

**डी0आई0जी0बस्ती द्वारा रेंज के जनपदो में प्रचलित बृहद निर्माण कार्यो के संबंध में की गयी समीक्षा गोष्ठी। संबंधित को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 07.04.2025 को पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री दिनेश कुमार पी. द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय के सभागार में परिक्षेत्र के जनपदो मे प्रचलित वृहद निर्माण कार्यो की समीक्षा गोष्ठी की गयी। डी0आई0जी0 बस्ती द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिये गये-

1 पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि रेंज में प्रचलित कुल 36 बृहद निर्माण कार्यो के गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये।

2 आगामी आरक्षीगण के प्रस्तावित प्रशिक्षण के दृष्टिगत निर्माणाधीन भवनो को जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाये ताकि प्रशिक्षण को सकुशल संपन्न कराया जा सके।

3 जिन भवनों का निर्माण कार्य विगत काफी वर्षों से किसी कारणवश रुका हुआ है उन भवनो का थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन कराने के बाद ही निर्माण काम शुरू कराया जाये।

4 पुनरीक्षित आगणन के कारण रुके हुए निर्माण कार्यो के संबंध मे मुख्यालय स्तर पर प्रभावी पैरवी कर पुनरीक्षित धनराशि स्वीकृत कराकर यथाशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया जाये।

5 प्रतिसार निरीक्षक गण को निर्देशित किया गया कि निर्माणाधीन भवनो का समय-समय पर भौतिक सत्यापन करते रहे जिससे उनकी गुणवत्ता बनी रहे।

6 निर्माणाधीन भवनो का समय-समय पर निरीक्षण करते रहे एवं फोटो और वीडियो तैयार करके आगामी मीटिंग मे लेकर आये जिससे पता चले कि कार्य की क्या प्रगति है।

उक्त गोष्ठी में रेंज के तीनों जनपदों के प्रतिसार निरीक्षक,प्रधान लिपिक तथा संबंधित निर्माण इकाई के सहायक/जूनियर इंजीनियर व परिक्षेत्रीय कार्यालय के प्रधान लिपिक उपस्थित रहे।

**सोशल मीडिया सेल**
**रेंज कार्यालय, बस्ती**